**संख्या : सीडीएन/80/2017-समन्वय**

**भारत सरकार**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 26 नवम्बर, 2018

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बारे में अक्तूबर, 2018 माह के लिए मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संबंधित अक्तूबर, 2018 माह के लिए अंग्रेजी में मासिक सारांश के अवर्गीकृत भाग की एक एक प्रति, एतद्द्वारा, परिपत्रित करने का निदेश हुआ है।

केसी बेहरा।

(के.सी. बेहरा)

उप सचिव, भारत सरकार

दूरभाष : 011-23380547

**संलग्न : उपरोक्तानुसार।**

वितरण : **मंत्री परिषद के सभी सदस्य।**

**प्रति (अनुलग्नक सहित) प्रेषित :**

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग
2. भारत के राष्ट्रपति के सचिव
3. भारत के उप-राष्ट्रपति के सचिव
4. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन (श्री भाष्कर दास गुप्ता, निदेशक)
5. प्रधान मंत्री का कार्यालय (श्री राजेन्द्र कुमार, निदेशक)
6. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग
7. प्रधान महा-निदेशक (एमएंडसी) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
8. भारत सरकार के सभी सचिव
9. मंत्री, महिला एवं बाल विकास के निजी सचिव / राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास के निजी सचिव
10. प्रैस सूचना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
11. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि इसे मंत्रालय की वैब-साइट पर अप्लोड कर दिया जाए ।

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बारे में अक्तूबर, 2018 माह के लिए मासिक सारांश रिपोर्ट**

अक्तूबर, 2018 को समाप्त होने वाले महीने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाएं निम्नानुसार हैं :

1. **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संबंधित मुद्दों पर मानव संसाधन विकास पर संसदीय स्थायी समिति**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संबंधित मुद्दों पर मानव संसाधन विकास पर संसदीय स्थायी समिति की बैठक दिनांक 22.10.2018 को डा. सत्य नारायण जटिया, संसद सदस्य की अध्यक्षता में संसद भवन, नई दिल्ली में हुई । सचिव, महिला एवं बाल विकास समिति के समक्ष उपस्थित हुए तथा माननीय संसद सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों पर मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत किया ।

2. **भारतीय महिला आर्गेनिक महोत्सव, 2018**

एमडब्ल्यूसीडी ने विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु महिलाओं और महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों की सहायता और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए), नई दिल्ली में 26 अक्तूबर से 4 नवंबर, 2018 तक "भारतीय महिला आर्गेनिक महोत्सव 2018" का आयोजन किया । यह मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है जहां देशभर की महिला उद्यमी/कारीगर भाग लेती हैं । उत्पादों की श्रृंखला में चावल, दाल, मसालों, सब्जियां और फल, जन-जातीय तथा संजातीय भोजन, अचार, प्रीजर्व्स, कपड़ों, प्रसाधन सामग्री और घरेलू उत्पादों की हजारों किस्में शामिल हैं ।

3. **पोषण अभियान कार्यकारी समिति की तीसरी बैठक**

पोषण अभियान कार्यकारी समिति (राष्ट्रीय पोषण मिशन), समग्र पोषण के लिए प्रधानमंत्री ओवर रीचिंग स्कीम, जो पोषण संबंधी गतिविधियों के लिए शीर्ष निकाय है, की तीसरी बैठक सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में दिनांक 03 अक्तूबर, 2018 को हुई ।

4. **पोषण माह पुरस्कार समारोह**

राष्ट्रीय पोषण मिशन/पोषण अभियान के लिए नोडल मंत्रालय ने पोषण माह (सितम्बर, 2018) के दौरान सभी स्तरों तथा मंत्रालयों/विभागों में अनुकरणीय कार्यों की सराहना की । इस पोषण माह के एक भाग के रूप में 10 अक्तूबर, 2018 को नई दिल्ली में पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया । नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा.राजीव कुमार, नीति आयोग के सदस्य डा. विनोद के. पॉल, सचिव, महिला एवं बाल विकास तथा विभिन्न मंत्रालयों के उच्च रैंकिंग वाले पदाधिकारियों ने पुरस्कार समारोह की शोभा बढ़ाई ।

सितम्बर माह में मनाए गए पोषण माह के दौरान देश भर में आयोजित 22.58 लाख गतिविधियों में कुल 25.4 करोड़ लोगों ने भागीदारी की । मध्यप्रदेश, 7.7 लाख गतिविधियां आयोजित करके, राज्यों की सूची में सबसे ऊपर रहा और उसके बाद आंध्र प्रदेश, तमिल नाडू, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र रहे । 22.58 लाख गतिविधियों में से 32% गतिविधियां संयुक्त रूप से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने आयोजित कीं, लगभग 21% गतिविधियां अन्त:मंत्रालयी गितविधियों का अभिसरण रहीं । पोषण माह में 11 से अधिक मंत्रालयों ने भाग लिया ।

देश भर के क्षेत्रीय स्तर के कार्यकर्ताओं और संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों के तहत पदक तथा प्रशंसा पत्रों सहित 206 से अधिक पुरस्कार दिए गए । पुरस्कार, विभिन्न श्रेणियों में दिए गए, जैसे व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए क्षेत्रीय कार्यकर्ता पुरस्कार; आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के लिए (एएए)+ पुरस्कार; गांव अभिसरण पुरस्कार; नेतृत्व पुरस्कार; सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया अभियान के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सभी विषयों में अधिकतम पहुंच, पोशन अभियान पर जागरूकता फैलाने और अभिसरण कार्य योजना के कार्यान्वयन के लिए गैर-परंपरागत तरीकों का सर्वोत्तम / अभिनव उपयोग आदि ।

5. **16 से 21 अक्तूबर, 2018 तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह**

मंत्रालय, राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों की 30 अन्य इकाईयों ने विश्व खाद्य दिवस तथा जीआईडीडी (ग्लोबल लोडलाइन डैफिसिएन्सी डिस्-आर्डर) का आयोजन किया । इस कार्यक्रम के दौरान, संबंधित राज्य सरकारों को सक्रियता से शामिल करते हुए प्रदर्शनी, स्किट्स, रैसिपी प्रदर्शन तथा क्विज प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया गया ।

## 6. खाद्य एवं पोषण बोर्ड (एफएनबी)

मंत्रालय के खाद्य एवं पोषण बोर्ड ने आईसीडीएस के पूरक पोषण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 163 आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया । साथ ही, पोषण के महत्व, पोषक तत्वों के संरक्षण, पकाने के उचित तरीके आदि के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्लम्स, ग्रामीण तथा जन-जातीय क्षेत्रों मे 253 पोषण शिक्षा कार्यक्रम भी किए गए ।

## 7. न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन :

- विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों के साथ परस्पर बातचीत और संवाद के लिए नियमित आधार पर वीडियो कांफ्रेन्स आयोजित की जा रही हैं ।
- मंत्रालय द्वारा पूर्ण ई-कार्यालय कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप सरकारी कोष में बचत हुई है; इसके अलावा, अधिकांशत: अंतर-मंत्रालयीय पत्र-व्यवहार ई-मेल के माध्यम से किया जा रहा है ।
- सभी नीतियां / कार्यक्रम / योजनाएं / अधिनियम / स्वीकृति आदेश आदि हितधारकों द्वारा आसानी से पहुंच के लिए पब्लिक डोमेन पर लोड किए जाते हैं ।

***